# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192


क्र./आई.डी.एस.पी./2020/73 भोपाल, दिनांक 28/01/2020

प्रति,

1. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, म.प्र.।
2. समस्त सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, म.प्र.।

विषय :–Novel Corona Virus (n-Cov) की रोकथाम एवं नियत्रंण के संबंध में।

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि हाल ही में चीन, जापान, श्रीलंका, नेपाल, मलेशिया थाईलेंड, एवं अन्य पड़ोसी देशों में नये प्रकार का कोरोना वायरस (Novel corona virus 2019-ncov) से निमोनिया के प्रकरण पाये गये है। कोरोना वायरस फैमिली के वायरस से सामान्य सर्दी–खांसी, MERS व SARS जैसी गंभीर बीमारियां होती है। इसमें मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण फैलने की संभावाना होती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि :–

- आप अपने जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कराए जिसमें सभी चिकित्सकों, आई.एम.ए. के प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधि एवं आई.ए.पी. के प्रतिनिधि को Novel corona virus 2019-ncov के संबंध में अवगत कराये।
- हुआन से आने वाले यात्रियों के लिए ऑइसोलेशन वार्ड बनाए एवं यात्री को मास्क पहनाए।
- हुआन से आने वाले यात्रियों के संपर्क में आनेवाले चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मी, पी.पी.ई. किट एवं एन–95 मास्क का इस्तेमाल करें।
- पी.पी.ई किट, एन–95 मास्क, वी.टी.एम. एवं सेम्पल भेजने हेतु वेक्सीन केरियर की उपलब्धता सुनिश्चित कराये।
- हुआन से आने वाले यात्रियों के संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों की सूची बनाए एवं उन पर निगरानी रखे।
- हुआन से आने वाले यात्रियों को लक्षण होने पर तत्काल सेम्पल लेने तथा भेजने की व्यवस्था करें।
- हुआन से आने वाले यात्रियों के संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों को Novel corona

निरंतर.......

virus के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा दी जावे।

- पी.पी.ई किट एवं एन–95 मास्क का मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया गया दर अनुबंध दिनांक 29.02.2020 को समाप्त हो रहा है तथा आप अपने आवश्यकतानुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए, क्रय करें।

प्रतिदिन हुआन से आने वाले यात्रियों की निर्धारित प्रपत्र में जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रातः 11:00 बजे तक ई–मेल आई.डी. idspssu@mp.gov.in पर भेजना सुनिश्चित करें।

28/1/2020

(डॉ. राजेश कठल)
संयुक्त संचालक, आई.डी.एस.पी.
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

पृ.क्र./आई.डी.एस.पी./2020/
भोपाल, दिनांक......................

**प्रतिलिपिः– कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।**

1. निज सचिव, स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल, म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र।
3. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, सतपुडा भवन भोपाल, म.प्र.।
4. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
5. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
6. समस्त क्षेत्रीय संचालक, समस्त सभांग, म.प्र.।
7. समस्त जिला कलेक्टर, म.प्र.।
8. समस्त जिला सर्विलेन्स अधिकारी,म.प्र.।

संयुक्त संचालक, आई.डी.एस.पी.
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.